दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 73
कोटद्वार शुक्रवार
7 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

IHMS KOTDWAR

IHMS KOTDWAR

17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified

Institute of Hospitality, Management & Sciences

Admissions Open 2023

"Journey Towards Excellence"

AVAILABLE PROGRAMMES

M.B.A. 2 Years

FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION

B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year

- Attractive Scholarships
- Industrial Tour
- Value Added Courses @ 0% cost
- Internship in Leading Companies

Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# पौध रोपण के बाद उसके संरक्षण का पूरा ध्यान रखें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : आगामी 16 जुलाई से 15 अगस्त तक हरेला पर्व मनाया जाएगा। हरेला पर्व के अवसर पर सभी के सहयोग से वृहद रूप से फलदार एवं वन्य प्रजाति पौधों का रोपण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पौध रोपण जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक उनका संरक्षण भी है। इसलिए पौध लगाने के बाद उसके संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

हरेला पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में गुरूवार को क्लेक्ट्रेट सभागार बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए आपसी समन्वय और जन सहभागिता के साथ वृहद स्तर पर पौधरोपण एवं उनका संरक्षण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक महीने तक चलने वाले हरेला पर्व पर वृहद पौध रोपण के लिए सभी विभाग अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए शीघ्र इसकी जानकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि डिमांड के अनुसार वन विभाग से पौध उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी ब्लाक, तहसील, थाना, चौकी, स्कूल, वन पंचायत एवं कार्यालय परिसरों में पौधरोपण किया जाए। जल निगम व जल संस्थान विशेष तौर पर पेयजल स्त्रोत के आसपास, सड़क निर्माणदायी संस्थाएं सड़क किनारे, शिक्षा विभाग सभी विद्यालय परिसर एवं वन एवं पंचायतराज विभाग सभी वन पंचायतों में पौधरोपण करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, महिला एवं युवक मंगल दलों एवं जन सहभागिता से भी हरेला पर्व पर पेयजल स्त्रोतों, नदी किनारे एवं सरोवरों के आसपास वृहद रूप से पौधरोपण किया जाए। उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने कहा कि हरेला पर्व पर इस बार वन विभाग द्वारा प्रत्येक गांव में 75 पौध रोपित किए जाएगें। कुल 189 गांवों में 14175 पौध रोपण का लक्ष्य है। इसमें आंवला, काफल, दाडिम, पदम, अमरूद, तेजपात, सभी प्रकार के सिटरस प्लांट सहित बांझ, बुराश, अतीश, हरड, बेहड एवं अन्य वन प्रजाति के पौध शामिल है। कहा कि विभागों को उनकी डिमांड के अनुसार पौध दी जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी 16 जुलाई को हरेला पर्व का शुभांरभ किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, एसीएमओ डा. कुलदीप गुप्ता सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी मुरुगेशन ने नीलकंठ पहुंचकर लिया मेला क्षेत्र का निरीक्षण



ऋषिकेश। कांवड़ यात्रा में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी मुरुगेशन नीलकंठ पहुंचे। उन्होंने मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर रामझूला पुल और जानकी सेतु पर आवागमन के लिए वन–वे व्यवस्था लागू करने के लिए भी कहा। गुरुवार को एडीजी ने नीलकंठ बाईपास तिराहा, पैदल मार्ग और बाघखाला में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से फीडबैक लेकर लगन और सहनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। जोन और सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें कांवड़ियों के साथ संयमित व्यवहार करने के लिए कहा। एसएसपी श्वेता चौबे ने एडीजी को नीलकंठ मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन की जानकारी दी। बताया कि निगरानी के लिए पुलिस ने नीलकंठ और लक्ष्मणझूला थाने में दो कंट्रोल रूम भी बनाए हैं। मौके पर एएसपी शेखर सुयाल, राजन सिंह, सीओ सुनीता वर्मा आदि मौजूद रहे।



### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री धामी ने की श्रद्धांजलि अर्पित

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एकता एवं अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं जनसंघ के संस्थापक थे। मातृभूमि के प्रति समर्पित उनकी जीवन गाथा सदैव हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।

### कांवड़ियों ने ईमानदारी का परिचय दिया, लौटाया फोन

नई टिहरी : दिल्ली से गंगोत्री जल लेने आये दो कांवड़ियों ने ईमानदारी का परिचय देते हुये देवप्रयाग भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष की पत्नी का फोन सकुशल लौटाया। लोगों ने कांवड़ियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बीते रविवार को देवप्रयाग भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मदन सिंह रावत की पत्नी अनुराधा रावत का नरेन्द्रनगर क्षेत्र के आसपास फोन खो गया था, जिसकी सूचना उन्होंने नरेन्द्रनगर पुलिस को दी।

पुलिस ने फोन को ट्रैकिंग पर लगाया, फोन की लोकेशन उत्तरकाशी जिले के धरासू बैंड के पास मिली, पूछताछ में कांवड़ियों ने बताया कि वापसी के दौरान वह फोन लौटा देंगे।

## वन मंत्री ने किया नगर पंचायत भवन और वन विभाग के मॉडल क्रू-स्टेशन का लोकार्पण



नई टिहरी : नगर पंचायत गजा में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने एक करोड़ की लागत से बने नगर पंचायत भवन तथा 19 लाख से निर्मित वन विभाग के मॉडल क्रू-स्टेशन का लोकार्पण किया। साथ ही गजा में पॉलीटेक्निक कॉलेज और वन विभाग के विश्राम गृह की आधार शिला भी रखी। नरेन्द्रनगर के गजा पहुंचे वन मंत्री सुबोध उनियाल ने गजा में नगर पंचायत भवन और वन विभाग के मॉडल क्रू-स्टेशन का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री ने गजा में 25 करोड़ की लागत से बनने वाले राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज भवन और 74.23 लाख की रुपये से बनाये जाने वाले वन विभाग विश्राम गृह के भवन का भूमि पूजन का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि गजा नगर पंचायत अध्यक्ष मीना खाती के अनुरोध पर पॉलीटेक्निक कॉलेज का नाम शहीद विक्रम सिंह नेगी के नाम पर रखा जाएगा। मंत्री ने गजा में एक करोड़ की लागत से नपं में ऑडिटोरियम भवन बनाये जाने की घोषणा के साथ नपं में सीसीटीवी लगाने के लिये 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

### संक्षिप्त समाचार

#### 9 जुलाई को नशे के खिलाफ दौड़ लगाएंगे युवा

देहरादून। त्रिकोण सोसायटी, थ्रिल जोन, उत्तराखंड पर्यटन और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से सायनोटेक दून मानसून 10के रन 2023 आयोजन किया जाएगा। नौ जुलाई नशे के खिलाफ होने वाली इस दौड़ में बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल होंगे। गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में त्रिकोण सोसाइटी की निदेशक नेहा शर्मा ने कहा कि इस दौड़ से लोगों के बीच जागरूकता फैलेगी कि उन्हें अपने जीवन में कोई भी ड्रग नहीं लेनी चाहिए और दूसरों को भी इस बात के लिए जागरूक करें कि वे ड्रग का उपयोग न करें और स्वस्थ जीवन जिएं। थ्रिल जोन के संस्थापक पीसी ने कहा कि दौड़ आईटी पार्क से शुरू होगी, जो सहस्त्रधारा डाइवर्जन की ओर आगे बढ़ेगी। 5 किलोमीटर श्रेणी के प्रतिभागी डाइवर्जन से यू –टर्न लेंगे और आईटी पार्क की ओर लौटकर अपनी दौड़ पूरी करेंगे। 10 किलोमीटर श्रेणी के प्रतिभागी डाइवर्जन से आगे कालागांव की ओर दौड़ते रहेंगे। वे आगे बढ़कर नवराज फार्म्स तक पहुंचेंगे, जहां से यू –टर्न लेंगे।

#### ग्राफिक एरा का उज्बेकिस्तान की संस्था से एमओयू

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी और उज्बेकिस्तान की नमंगन इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन इंस्टीट्यूट एक दूसरे से शैक्षणिक आदान–प्रदान करेंगे। इसके लिए दोनों संस्थानों के बीच एमओयू हुआ है।इसके तहत दोनों संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं के बीच ज्ञान, तकनीकी और अनुभवों का आदान–प्रदान संभव हो सकेगा। साथ ही सांस्कृतिक समझ विकसित होने का रास्ता भी खुलेगा। दोनों संस्थानों के बीच साझा पीएचडी कार्यक्रम के संबंध में भी सहमति बनी है।

यह एमओयू उज्बेकिस्तान में किया गया। इस पर नमंगन इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन इंस्टीट्यूट के रेक्टर एर्गासेव शरीब्बॉय तुलानोविच ने ग्राफिक एरा के प्रतिनिधि की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर नरपिंदर सिंह ने आनलाइन हस्ताक्षर किए।

## गुलदार ने किया जंगल में चारापत्ती लेने गई सास–बहू को घायल



रुद्रप्रयाग : जंगल में चारापत्ती के लिए गई फलई गांव की एक महिला पर गुरुवार को गुलदार ने हमला कर घालय कर दिया। महिला ने बहादुरी के साथ गुलदार से अपनी और बहू की भी जान बचाई। गुलदार के साथ संघर्ष में दोनों महिलाओं की जान बच गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को हर दिन की तरह फलई गांव की 62 वर्षीय जानकी देवी पत्नी सते सिंह राणा 32 वर्षीय बहू पूनम पत्नी केशर सिंह राणा के साथ रायड़ी और पावर प्रोजेक्ट के बीच लगे गांव के ही जंगल में चारापत्ती लेने गई। इसी बीच वहां पहले से ही घात लगाए बैठे गुलदार ने महिलाओं पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले पर जानकी देवी ने हिम्मत दिखाते हुए गुलदार को भगाया। इस दौरान वह लहूलुहान हो गई। जानकी देवी ने दरांती से वार कर गुलदार को भी बुरी तरह से घायल कर दिया, किंतु गुलदार फिर भी वापस लौटकर हमला करता रहा। जानकारी देवी ने हिम्मत नहीं हारी और आखिरकार गुलदार को भगा दिया। इस खूनी संघर्ष में जानकी देवी के सिर पर जगह-जगह चोट आई है और बड़ी मात्रा में खून बहा। उन्होंने अपने साथ ही अपनी बहू की भी जान बचाने में सफलता पाई। बाद में फलई गांव के ग्रामीण हरीश गुसांई, पूर्व प्रधान महेंद्र राणा, विजय भट्ट, रिन्यू पावर प्रोजेक्ट के जनसंपर्क अधिकारी पृथ्वीपाल रावत, रघुवीर, हरीश लाल घायल जानकी देवी को सीएचसी अगस्त्यमुनि लाए। जहां अस्पताल के सर्जन वैभव कुमार द्वारा महिला के सिर टांके लगाए। उपचार के बाद महिला की स्थिति सामान्य है। इधर, सीएचसी अगस्त्यमुनि के चिकित्साधीक्षक डॉ विशाल सिंह ने बताया कि महिला के सिर पर गंभीर चोटें हैं, बड़ी मात्रा में खून भी बहा है, ब्रैन इंजरी को देखते हुए सीटी स्कैन के लिए हायर रैफर कर दिया गया है। (एजेंसी)

**वन क्षेत्राधिकारी पहुंचे अस्पताल**

उत्तरी जखोली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पूर्ण सिंह रावत महिला का हालचाल पूछने सीएचसी पहुंचे। उन्होंने बताया कि हमले की सूचना उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। घायल को नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने वनक्षेत्राधिकारी से शीघ्र गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और उसे आदमखोर घोषित करने की मांग की है।

### गणेश जोशी ने किया अमर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार शहीद द्वार का लोकार्पण

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को गजियावाला में अमर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार की 53 वी जयंती पर हुए कार्यक्रम में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला पंचायत द्वारा निर्मित शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार स्मृति द्वार का लोकार्पण भी किया व शहीद के माता–पिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा शहीद का सम्मान करना उसकी वीरता का बखान करना हर देश वासी का कर्तव्य है। धामी सरकार सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सैनिकों की याद में गुनियालगांव में भव्य सैन्यधाम का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सैनिकों को उनके शौर्य के लिए मिले मेडल के आधार पर राशि को बढ़ाया है। प्रदेश में शहीद द्वार–स्मारकों के निर्माण अब सैनिक कल्याण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है।

## तेज हवा के साथ बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

ऋषिकेश। मूसलाधार बारिश से गुरुवार को शहर और आसपास के इलाकों में सड़कों और गलियों में जलभराव से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में बारिश का पानी लोगों की दुकानों में घुसने से काफी नुकसान हुआ। बारिश के चलते नदी–नालों में भी जलस्तर बढ़ा हुआ नजर आया। गंगा का जलस्तर बढ़ने से त्रिवेणी घाट आरती स्थल जलमग्न नजर आया। आंधी से कई जगह पेड़ भी धराशायी हो गए। पेड़ और मलबा गिरने से कई जगह आवाजाही प्रभावित रही और कुछ स्थानों पर बिजली भी गुल रही। बीते दो दिनों से बारिश के कारण जगह–जगह जलभराव हो गया है। जल जमाव के कारण ग्रामीण क्षेत्र की कच्ची सड़कें बदहाल हो गई है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। शहरी क्षेत्र में नालियों का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। बारिश के चलते नदी–नाले भी उफान हैं।

गुरुवार को गंगा, सौंग, सुसवा, चन्द्रभागा समेत दूसरी नदियां उफान पर रही। गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान 339 मीटर से सवा मीटर नीचे तक पहुंच गया। जबकि सुबह के समय ऋषिकेश–श्रीनगर और नीलकंठ मार्ग पर मलबा गिरने से कुछ देर के लिये यातायात बाधित रहा। एम्स मार्ग पर भी एम्स के गेट नंबर एक के सामने एक भारी भरकम पेड़ बिजली लाइन पर गिर गया।

## उक्रांद को जनता का विश्वास जीतना होगा:त्रिवेन्द्र पंवार

ऋषिकेश। उत्तराखंड क्रांतिदल संगठन की मजबूती को जुटता दिख रहा है। यूकेडी 24 जुलाई से गैरसैंण में पार्टी का द्विवार्षिक अधिवेशन करने जा रहा है। इसमें संगठन की भावी रणनीति तय की जायेगी। उक्रांद के संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह पंवार ने कहा कि उक्रांद को जनता का विश्वास जीतना होगा। इसके लिये युवाओं के जोश एवं बुजुर्गों के मार्गदर्शन से पार्टी अपना जनाधार बढ़ाएगी। गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में उक्रांद के संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह पंवार ने कहा कि पार्टी ने अपना दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन गैरसैंण में करने का निर्णय लिया है। इसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा की जायेगी। कैसे संगठन फिर जनता का विश्वास जीते इस पर भी मंथन होगा। कहा कि निष्कासित व्यक्ति को अधिवेशन करने का अधिकार नहीं है। मसूरी में जिस अधिवेशन को करने की बात की जा रही है, उसमें पार्टी की सहमति नहीं है। लेकिन दल की मजबूती को उनसे भी बात की जा रही है। पंवार ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के लिये संघर्ष किया जायेगा। सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने लाना होगा। केंद्रीय महामंत्री मोहन सिंह असवाल ने कहा कि आपसी मनमुटाव को दूर कर पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से पार्टी के साथ जोड़ने के लिये हर कार्यकर्ता को अपने स्तर से काम करना होगा। आईडीपीएल में आवास खाली कराने का पार्टी विरोध करेगी।

### आठ साल की बच्ची से बलात्कार में फरार 25 का इनामी एसटीएफ ने दबोचा

देहरादून। हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र में आठ साल बच्ची से बलात्कार और हत्या में आजीवन कारावास सजा होने पर जमानत पाकर फरार हुए ईनामी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। जमानत मिलने के बाद संपत्ति बेचकर फरार हो गया था। उसने अपने किसी भी परिचित से सम्पर्क तक नहीं किया। एसटीएफ ने तमाम कोशिशों के बाद विनोद को बिजनौर जिले से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि साल 2007 में हरिद्वार की लक्सर तहसील के टांडा भागमल में नाबालिग बच्ची से बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी गई थी। आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। सेशन कोर्ट में हत्या और बलात्कार के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दोषी हाईकोर्ट में गया। जहां से उसे जमानत मिल गई।

## जिलाधिकारी ने दिये अधिरियों को दिशा-निर्देश



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने देहरादून नगर क्षेत्र स्थित सड़क मार्गों को गढ्ढामुक्त रखे जाने, नालियों की कनेक्टिविटी बनाने, आदि समस्त व्यवस्थाओं को सुगम बनाने हेतु नामित किये गए सुपर नोडल, नोडल अधिकारी एवं सैक्टर अधिकारियों के साथ वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी शहर के नागरिक के समान समस्याओं से रूबरू होते हुए आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को सुगम बनाकर जनमानस को समस्याओं से निजात दिलाने दिलाएंगें। कहा कि जिस प्रकार जी–20 में आपसी समन्वय बनाकर आप सभी ने बेहतर कार्य कर दिखाया, ठीक इसी तर्ज पर सभी अधिकारीगण अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थलीय निरीक्षण करते हुए चैकलिस्ट तैयार करेंगे। चैकलिस्ट के आधार पर ही रेखीय विभाग द्वारा उक्त कार्य को तत्काल पूर्ण कराए जाएंगे, जिनकी नियमित समीक्षा की जाएगी। कहा कि प्राथमिकता के साथ शहर को गड्ढामुक्त सड़क, नाली आदि सुव्यवस्थित रूप से निकासी तथा विद्युत पोल एवं तारों को व्यवस्थित करेंगे,। जिलाधिकारी ने एक प्लानिंग के अधार पर शहर की समस्याओं से जनमानस को निजात दिलाने हेतु अधिकारियों को सौंपे दायित्व। अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याओं के निस्तारण के साथ नियमित निगरानी बनाने के साथ प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्टिंग करेंगे।

## कांवड़ यात्राःअगले चार दिन धीमी रहेंगी कांवड़ यात्रा की रफ्तार

ऋषिकेश। पंचक लगते ही कांवड़ यात्रा की रफ्तार धीमी हो गई। गुरुवार दोपहर के बाद नीलकंठ आने वाले कांवडियों की संख्या में कुछ कमी आई है। चार दिन बाद सोमवार 10 जुलाई को पंचम खत्म होते ही कांवड़ियों की संख्या में दोबारा तेजी से इजाफा होगा। गुरुवार को दोपहर बाद कांवड़ लेकर चलने वाले यात्रियों की संख्या अचानक घट गई। गुरुवार को सुबह के समय कांवड़ यात्रियों की नीलकंठ मंदिर जाने को भीड़ रही। लेकिन दोपहर दो बजे बाद अचानक कांवड़ियों की संख्या कम होने लगी। पंचक के चलते आने वाले चार दिन कम ही कांवड़िये नीलकंठ आयेंगे। ज्योतिषी कैलाश घिल्डियाल बताते हैं कि पंचक में बांस से बनी वस्तुओं को खरीदना अशुभ माना जाता है। गुरुवार को दोपहर 1 बजकर 38 मिनट से पंचक शुरू हो गये हैं। यह सोमवार 10 जुलाई शाम 7 बजे खत्म रहेंगे। उधर, एसएसपी श्वेता चौबे ने नीलकंठ मंदिर में गुरुवार शाम चार बजे तक 80 हजार से अधिक शिवभक्तों के जलाभिषेक करने का दावा किया है। सुबह के समय स्वर्गाश्रम, लक्ष्मणझूला और ऋषिकेश में कांवडियों की संख्या अधिक रही। इससे झूला पुलों पर दिनभर दबाव रहा। 11 जुलाई के बाद डाक कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जायेगी।

### ऋषिकेश और रायवाला से दो बाइक चोरी

ऋषिकेश। शहर और आसपास के इलाकों में दोपहिया वाहन चोर सक्रिय हैं। दो बाइकों की चोरी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। चोरों की पहचान को पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक यशवंत सिंह निवासी अमितग्राम, गुमानीवाला ने शिकायत में बताया कि वह 12 जून को शहर में किसी काम से पहुंचे थे। इसी बीच उन्होंने बाइक पीएनबी की शाखा के पास खड़ी थी।

## सीएम धामी के नेतृत्व में हो रहा विकास



रुड़की। भाजपा के संपर्क अभियान के तहत गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, पार्टी जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मनोहर लाल शर्मा के आवास पहुंचे। पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास हो रहा है। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में आम लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के जरिए लाभ पहुंचाया जा रहा है। उनके कार्यालय पर चल रहे सेवा केंद्र में भी लोग कल्याणकारी योजनाओं के फार्म भरवा कर लाभ उठा रहे हैं।

दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 73
कोटद्वार शुक्रवार
7 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन न0 01382-222383, मो0 न0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## जरूरी होने पर ही यात्रा करें

**पौड़ी** : जनपद में पिछले दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से गुरुवार को जिले के 4 मोटर मार्गों पर यातायात बंद रहा। जिले के जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि नदी नालों के समीप बस्तियों व भवनों में निवास कर रहे व्यक्ति सावधान रहते हुए जल भराव की स्थिति में समय से सुरक्षित स्थानों पर चले जाए। डीएम ने जिले में यात्रा के दौरान सावधानी बरतने, आवश्यक होने पर ही यात्रा करने, अधिक वर्षा होने पर किसी सुरक्षित स्थान पर ठहरने को कहा। कहा कि किसी बड़े पेड़ व खिसकने वाले पहाड़, चट्टानों के आस-पास न रुकें। नदी नालों के बहाव में हो रही निरंतर वृद्धि को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से नदी, नालों के समीप न जाए। उन्होंने आपातकालीन स्थिति में जिले में स्थापित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र, पुलिस कंट्रोल रूम या तहसील स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम में जानकारी देने की अपील की।

# आफत बनकर बरस रही बारिश, नैनीताल में भूस्खलन

**गरमपानी(नैनीताल)/हरिद्वार**। प्रदेश में बारिश आफत बनकर बरस रही है। नदी–नालों का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है, वहीं कई जगह सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के भौर्या मोड़ के पास थुवा की पहाड़ी से भूस्खलन होने से सड़क पर पत्थर और बोल्डर आने यातायात ठप हो गया। इधर भारी बारिश के कारण शिप्रा नदी उफान पर आने से पानी आबादी क्षेत्र में घुस गया।

बुधवार से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते बृहस्पतिवार को धारी–पोखराड़ मार्ग पर भारी मात्रा में मलबा आने से मार्ग पर आवाजाही पूर्ण रूप से बंद हो गई है। मार्ग के बंद होने से



ग्रामीणों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।धारी पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि धारी–पोखराड़ मार्ग पर मलबा आने से सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। उन्होंने कहा वाहनों को कसियालेख–भटेलिया मार्ग और पोखराड़ इंटर कॉलेज के मार्ग होते हुए पदमपुरी से भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मलबे को हटाने के लिए लोनिवि की जेसीबी बुलाई गई है।

हरिद्वार में बारिश से कनखल के लाटोवाली में एक जर्जर मकान की दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। मलबे की चपेट में आई बाहर

## भारी बारिश के चलते आज नैनीताल में बंद रहेंगे सभी स्कूल

**नैनीताल, एजेंसी**। प्रदेश में भारी बारिश के चलते नैनीताल में कल स्कूल बंद रहेंगे। इस संबंध में डीएम ने आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में बारिश आफत बनकर बरस रही है। नदी–नालों का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है, वहीं कई जगह सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के भौर्या मोड़ के पास थुवा की पहाड़ी से भूस्खलन होने से सड़क पर पत्थर और बोल्डर आने यातायात ठप हो गया।

# हरकीपैड़ी पर श्रद्धालु कावंड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा

**हरिद्वार**। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून–व्यवस्था श्री वी0 मुरूगेशन, जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह ने बृहस्पतिवार को रूड़की से होते हुये हरकीपैड़ी पर श्रद्धालु कावंड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की ।



हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा के दौरान जैसे ही हेलीकाप्टर हरकीपैड़ी पर पहुंचा, श्रद्धालु कांवड़ियों की हर–हर महादेव, बम–बम भोले की गूंज से पूरी हरकीपैड़ी गुजायमान हो रही थी तथा श्रद्धालु कावंड़िये आपस में सरकार द्वारा कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा किये जाने की प्रशंसा कर रहे थे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व श्री बीर सिंह बुदियाल, एसडीएम श्री पूरण सिंह राणा, एसपी सिटी श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ सुश्री निहारिका सेमवाल आपदा प्रबन्धन अधिकारी सुश्री मीरा रावत सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मरोड़ाखान के पास रोडवेज बस का ब्रेक फेल, 8 लोग घायल

**चम्पावत**। देहरादून से पिथौरागढ की ओर जा रही बस का मरोड़ाखान के पास ब्रेक फेल होने से पहाड़ी से टकरा गई। हादसे में चालक–परिचालक सहित आठ लोग घायल हो गए। चालक की सूझबूझ से बस में बैठे 26 यात्रियों की जान बच गई। सभी घायलों का उपचार उपजिला चिकित्सालय में किया गया। गुरुवार सुबह करीब 8:45 बजे देहरादून से पिथौरागढ़ जा रही पिथौरागढ़ डिपो की बस यूके 07 पीए 2906 मरोड़ाखान के पास अचानक ढलान में ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने के अहसास पर चालक ने यात्रियों की जान बचाते हुए बस को पहाड़ी से टकरा दिया। पहाड़ी से बस की जोरदार टक्कर से बस में बैठे उज्ज्वली धामी (56) पुत्र मान सिंह धामी निवासी नेपाल, विवेक (25) गोविंद थापा निवासी पिथौरागढ, अरविंद बेलाल (20)नीरज सिंह ऐंचौली पिथौरागढ, मयंक कार्की (19)पुत्र विनोद कार्की निवासी ऐंचोली पिथौरागढ, कमल थापा (25) उत्तम थापा निवासी पिथौरागढ, लक्ष्मी (40)उत्तम थापा निवासी पिथौरागढ, चालक पंकज पांडेय और परिचालक गौरव घायल हो गए।



स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को बस से निकाला और 108 के जरिए उपजिला अस्पताल लोहाघाट भेजा। उपचार कर रहे डॉ. करन ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। रोडवेज के एजीएम केएस राणा ने अस्पताल आकर सभी घायलों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार घायलों को मुआवजा दिया जाएगा।

# केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में शासन स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में गुरुवार को सशक्त उत्तराखण्ड @ 25 के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन योजनाओं के तहत केन्द्रांश एवं राज्यांश क्रमशः 90 और 10 के अनुपात में हैं, उनकी यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर प्रस्ताव केन्द्र सरकार को जल्द भेजे। केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में शासन स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।

ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उत्पादों की मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं, ऑनलाईन मार्केटिंग की भी समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। उत्तराखण्ड के जिन उत्पादों की अधिक मांग है, उनकी पूर्ति के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैठकों में जो निर्णय लिये जा रहे हैं, अगली बैठक में सबसे पहले उन निर्णयों के क्रियान्वयन में की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये गांवों में जो भी विकास के कार्य किये जा रहे हैं, उसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले। जिन योजनाओं में भारत सरकार के स्तर से सामग्री अंश के भुगतान में किसी कारण विलम्ब होने की स्थिति में रिवाल्विंग फंड की व्यवस्था की जाए। पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी ग्राम पचायतों को ओडीएफ प्लस करने की कार्यवाही में और तेजी लाई जाए। गांवों में सोलर लाईट को बढ़ावा दिया जाए। कम्प्यूटर विहीन ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण करने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 150 लाख मानव दिवस के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर एवं जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है। मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर में वित्तीय प्रगति गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 44, 59 एवं 42 प्रतिशत अधिक रही। ग्रामीण विकास के माध्यम से आर्थिकी को दुगुना करने के लिए मनरेगा के तहत विभिन्न रेखीय विभागों के कन्वर्जेन्स की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन वैल्यू चैन आधारित विपणन सुविधाओं के विकास पर कार्य किया जा रहा है। 2025 तक सवा लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक प्रदेश में 40 हजार लखपति दीदी बन चुकी हैं। बैठक में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, नितेश झा, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव आनंद स्वरूप, श्रीमती नितिका खण्डेलवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, केरल–गोवा में रेड तो कुछ राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**। देश में मानसून का असर दिखने लगा है, कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में रेड–ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई में ऑरेंज अलर्ट तो गोवा और केरल में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं गोवा में एक महिला पानी में बह गई। इसलिए अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो एक बार मौसम की जानकारी के बारे में जरूर पता कर लें।




गुरुवार को दिल्ली में खूब बारिश हुई जिसके बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात बाधित हो गया। दिल्ली नगर निगम द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, नौ स्थानों पर जलभराव की सूचना मिली। इसके बाद भाजपा की दिल्ली इकाई ने बुराड़ी से एक वीडियो साझा किया, जिसमें स्कूली वर्दी में बच्चों को घुटने तक पानी से गुजरते हुए दिखाया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मुंबई में रात भर बारिश की संभावना है जिसकी भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई में भारी बारिश की आशंका के तहत बीएमएसी ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। बहुत सारे जगहों मे तो इलेक्ट्रिक सप्लाई भी प्रभावित हुई है। स्कूल–कॉलेज बंद करने के आदेश दिया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, गोवा में 56 वर्षीय एक महिला भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के पानी में बह गई, जबकि पिछले 24 घंटों में बहुत भारी बारिश के कारण तटीय राज्य के निचले इलाकों में कई घर जलमग्न हो गए। आईएमडी ने गोवा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें गुरुवार को उत्तरी गोवा और दक्षिण गोवा दोनों जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

# मुफ्त में कर सकेंगे यूपीएससी की कोचिंग, भगवंत मान ने किया बड़ा एलान

**चंडीगढ़, एजेंसी**। पंजाब के युवाओं को अब आईएएस और आईपीएस की परीक्षा की तैयारी पंजाब सरकार करवाएगी। उन्हें निजी कोचिंग संस्थानों को यूपीएससी की तैयारी के खातिर मोटी रकम नहीं चुकानी पड़ेगी। सरकार युवाओं को फ्री में कोचिंग दिलाने का प्रबंध करेगी। पूरे पंजाब में आठ हाईटेक केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें हॉस्टल से लेकर तमाम सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।



## मुफ्त में कर सकेंगे यूपीएससी की कोचिंग, भगवंत मान ने किया बड़ा एलान

खास बात यह है कि इन संस्थानों में पंजाब का कोई भी युवा कोचिंग ले सकेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को इसकी घोषणा की है। इस दौरान वह सेक्टर–35 निकाय भवन में सेहत व परिवार भलाई, बिजली व मेडिकल खोज विभाग में भर्ती हुए 252 युवाओं को नियुक्ति पत्र देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश यही है कि राज्य के युवाओं को कॅरिअर बनाने के लिए दिक्कत न आए। सरकार युवाओं के लिए एयरपोर्ट के रनवे की तरह का काम करेगी।

सीएम ने नियुक्ति पत्र देते हुए युवाओं से कहा कि वह अपने इलाके के लिए रोल मॉडल बने क्योंकि जब नियुक्ति पत्र लेकर अपने एरिया में पहुंचेंगे तो इससे कई लोग प्रभावित होंगे। सरकार ने अब तक अपने कार्यकाल के एक साल में 29946 युवाओं को रोजगार दिया है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले सरकारी नौकरियां बिना सिफारिश के मिलती नहीं थी। वह आम आदमी की हालत को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने हाल में उन अध्यापकों की सर्विस को रेगुलर किया है, जो लंबे समय से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं।

गौरतलब है कि साल 2009 में जब भारत की सेना के तीन अंगों में मात्र डेढ़ फीसदी पंजाबी अफसर रह गए थे तो उस समय सरकार ने मोहाली में महाराजा रणजीत सिंह संस्थान स्थापित किया था। जहां पर प्रवेश परीक्षा के बाद मेरिट के आधार पर पंजाब के युवाओं को हर साल चुना जाता है। उन्हें दो साल तक एनडीए की फ्री में ट्रेनिंग और पढ़ाई करवाई जाती है। इस संस्थान से अब तक करीब 170 अफसर निकल चुके हैं।

सीएम ने बताया कि पंजाब में लोगों को बेहतर सेहत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए भी काम किया जा रहा है। पंजाब में मेडिकल कॉलेजों की संख्या जल्द ही 16 हो जाएगी। होशियारपुर, मालेरकोटला और कपूरथला मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए पहली किस्त जारी कर दी गई है। मेडिकल पढ़ाई के लिए युवाओं को अब यूक्रेन जैसे देशों में नहीं जाना पड़ेगा। उनकी कोशिश देश में रोजगार के अवसर पैदा करने की है। विदेश में जाकर कमाना आसान नहीं है।

सीएम ने बताया कि लोगों को बेहतर सेहत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए 15 अगस्त को 60 नए मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे।

गत साल 500 मोहल्ला क्लीनिक खोले गए थे। इन केंद्रों में 42 तरह के टेस्ट होते हैं। मरीज कहीं भी जाकर मात्र मोबाइल पर एक क्लिक से अपना सेहत से जुड़ा रिकॉर्ड हासिल कर पाएंगे।

पहला कोचिंग सेंटर मोगा में खोला जाएगा। मोगा हलके की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने पत्रकारों को जानकारी दी। यह कोचिंग सेंटर एक से दो महीने से शुरू होगा। इस बारे में सीएम की तरफ से डीसी को आदेश दिया गया है।

## अजित को शरद पवार की खरी—खरी, बोले

# 82 साल का हो जाऊं, या 92 का, मैं अभी भी कर रहा हूं काम

**नई दिल्ली, एजेंसीः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने भतीजे अजीत पवार के तंज का मुंहतोड़ जवाब देते हुए कहा कि वो चाहे 82 साल के हों या 92 के, वह अभी भी अच्छा काम कर सकते हैं। दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार की हाल की टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा, "मैं अभी भी प्रभावी हूं, चाहे मैं 82 वर्ष का हो या 92 वर्ष का।"

अजित पवार ने साल 2014 में पार्टी उम्मीदवार के प्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं बन पाने का ठीकरा परोक्ष रूप से 82 वर्षीय शरद पवार के सिर फोड़ा। उस वक्त पार्टी को बहुमत में विधायकों का समर्थन भी प्राप्त था। राजनीतिक तौर पर इस मौके पर गंवाने के लिए अजित ने अपने एक बयान में शरद पवार को दोषी ठहराया। जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में



असंतोष फैल गया, जिसके बाद से प्रतिक्रियाओं का सिलसिला शुरू हो गया है।महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने अपने एक बयान में कहा है कि शरद पवार को भाजपा की आलोचना करने के स्थान पर आत्मपरीक्षण करना चाहिए। अपनी पार्टी और परिवार को संभालने पर ध्यान देना चाहिए। राकांपा में टूट के जिम्मेदार स्वयं शरद पवार हैं, न कि भाजपा। राकांपा में टूट के बाद से इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार भाजपा की लगातार आलोचना कर रहे हैं।

गुरुवार को इसका उत्तर देते हुए बावनकुले ने पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज आपकी हालत क्या है। आपकी पार्टी आपके साथ नहीं है। पार्टी कार्यकर्ता आपकी अवहेलना कर रहे हैं। महाराष्ट्र और केंद्र सरकार से आपके संबंध अच्छे नहीं हैं। आपकी स्थिति तो इतनी खराब है कि आपका परिवार भी आपसे दूर जा रहा है। इससे ज्यादा बुरे दिन और क्या देख सकता है कोई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री विश्व के सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं। लेकिन, 40–50 वर्ष से राजनीति में रहते हुए भी पवार अपनी कोई जगह नहीं बना पाए।

## पौधों का किया रोपण, संरक्षण का संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग धुमाकोट की ओर से आयोजित वन महोत्सव के तहत डौलियाखाल व नैनीडांडा में फल और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित पौध रोपण का ज्येष्ठ उपप्रमुख ललित पटवाल ने विद्यालय परिसर में पौध रोपकर उद्घाटन किया। इसके बाद वन कर्मियों ने आम, अमरूद, नींबू आदि फलदार पेड़ों के साथ ही तेजपात आदि अनेक औषधीय प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल डौलियाखाल के प्रधानाध्यापक नरेंद्र आर्य, इंटर कॉलेज नैनीडांडा के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार शर्मा, वन दरोगा मोहन चंद्र जोशी, पूर्ण सिंह, चंदन राम, देवेंद्र कार्की, वन आरक्षी अर्जुन कुमार, सुनील कुमार, साधना रावत आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मार्गों पर मौत बनकर खड़े हैं विद्युत ट्रांसफार्मर, जिम्मेदार मौन

### शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने की सुध नहीं कर रहा ऊर्जा निगम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मुख्यमार्गों पर खड़े ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल हादसों को न्यौता दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी ऊर्जा निगम विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की सुध नहीं ले रहा। जर्जर हालत में खड़े कई विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर कब लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बरसात के दौरान बना रहता है।

पदमपुर चौराहे से सिम्मलचौड़ को जाने वाले मार्ग पर एक दर्जन से अधिक विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर खड़े हैं। इनमे से अधिकांश विद्युत पोल नीचे से खोखले भी हो चुके हैं। ऐसे में यह कब धराशाई हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। वहीं, राजकीय बेस चिकित्सालय से करीब आधे किलोमीटर आगे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एसबीआई बैंक के पास भी ऊर्जा निगम ने नियम विरूद्ध ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है। नियमानुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग से 20 फीट की दूरी पर इसे लगाया जाना था। लेकिन, ऊर्जा निगम ने लापरवाही दिखाते हुए इसे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ही खड़ा कर दिया था। यही नहीं इसके ठीक सामने एक पेट्रोल पंप भी है। सरकारी सिस्टम की यह लापरवाही कुंभीचौड़ से सनेह को जाने वाले तिराहे पर भी देखने को मिल रही है। जहां तिराहे के बीच में ही ऊर्जा निगम का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफर्मर के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध भी नहीं किए गए हैं। गाड़ीघाट तिराहे के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रांसफर्मार की यही स्थिति बनी हुई है।

उक्त ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से पूर्व में कई गोवंशों की मौत भी हो चुकी है। बावजूद सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही शहर की अन्य सड़कों से ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल हटाने के लिए ऊर्जा निगम को निर्देश दिए गए हैं। बजट की कमी होने पर विधायक निधि से भी विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने का कार्य करवाया जाएगा

**...ऋतु खंडूडी भूषण, विधानसभा अध्यक्ष**



कोटद्वार में पदमपुर क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ा ट्रांसफार्मर

### रात के अंधेरे में होती है समस्या

राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों के किनारे लगाए ट्रांसफार्मर रात के अंधेरे में दिखाई नहीं देते। ऐसे में हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पदमपुर निवासी हरेंद्र सिंह, अर्चना देवी ने बताया कि ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए कई बार ऊर्जा निगम को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, आज तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा।

## पुलिस की चेतावनी : नदी व नालों से बनाए दूरी



लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी देती पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र की नदियां उफान पर बनी हुई है। ऐसे में पुलिस ने चेतावनी जारी करते हुए लोगों से नदी-नालों से दूर रहने की अपील की। कहा कि किसी भी तरह की घटना होने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पुलिस ने खोह, मालन व सुखरो नदी के आसपास पहुंचकर लाउडस्पीकर से चेतावनी दी। कहा कि वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों में बहने वाली नदियां कब उफान पर आ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। कहा कि क्षेत्रवासी नदी, नालियों के आसपास न जाएं। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपदा से बचाव के लिए पुलिस व एसडीआरएफ की भी विशेष टीमें गठित की गई हैं। कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव के लिए हमें जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचानी चाहिए।

### कोतवाली पुलिस ने नदियों के आसपास चलाया अभियान

## गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 31 पदमपुर मोटाढ़ाक के पार्षद सौरव नौडियाल ने कुछ दिन पूर्व सिलेंडरों की घटतोली करते हुए पकड़ी गई गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इस संबध में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि क्षेत्र की एक गैस एजेंसी गैस सिलेंडरों में घटतोली कर उपभोक्ताओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

एजेंसी के कर्मचारी गोदाम में एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस भरकर गैस की चोरी कर रहे हैं। कुछ दिन पहले गैस गोदाम में एक कर्मचारी को गैस की चोरी करते हुए पकड़ा गया था, जिस पर गैस भरने वाले पाइप को जिलाधिकारी को सौंप दिया गया था और कर्मचारियों को ऐसा न करने की हिदायत दी गई थी। कहा कि इससे पूर्व भी एजेंसी में गैस चोरी करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष से गैस एजेंसी प्रबंधन पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।



विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन देते पार्षद

## बढ़ती मंहगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### मंहगाई के लिए केंद्र सरकार को ठहराया जिम्मेदार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है।

गुरुवार को कांग्रेसी महिला जिलाध्यक्ष नीलम रावत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने महंगाई के लिए पूरी तरह से सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि आम आदमी महंगाई की मार से त्रस्त है। डीजल, पेट्रोल से लेकर रसोई गैस व तेल और दालें तक महंगी हो गई हैं। महंगाई की आंच महिलाओं के किचन तक पहुंच रही है। जिससे लोग परेशान हैं। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र व राज्य सरकार से बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता मंजू देवी, विमला देवी, कवोतरी देवी, मीनाक्षी, बीना देवी, मनीष खंडूड़ी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत, नवल किशोर आदि मौजूद रहे।

## उफान पर बरसाती रपटा, जोंखिमों से भरा कोटद्वार-दुगड्डा का सफर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बरसात के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवी मील के समीप बहने वाला बरसाती रपटा उफान पर बना हुआ है। बुधवार देर शाम रपटे के बहाव की चपेट में आने से एक कार गड्ढ में बह गई थी। 15 किलोमीटर के सफर को पार करने में लोगों की सांसें अटकी रहती है।

कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में नदी नालों के साथ ही बरसाती रपटे उफान पर बने हुए हैं। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवें मील के समीप बहने वाला रपटा इन दिनों काफी मुसीबत खड़ी कर रहा है। अचानक उफान पर आ रहे रपटे से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का संचालन खतरे से खाली नहीं है।

बुधवार शाम रपटे की चपेट में आने से एक कार खड्ड में गिर गई। कार सवार तीन युवकों ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

वहीं, बरसात के दौरान कोटद्वार से दुगड्डा तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई डेंजर जोन बने हुए हैं। यही नहीं कई स्थानों पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने का खतरा भी बना हुआ है। हालंकि बोल्डर को हटाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से मौके पर जेसीबी तैनात की गई हैं।



बरसात के दौरान उफान पर बना पांचवे मील का रपटा

## तड़ियाल चौक चौराहे में रखी दशकों पुरानी पानी की टंकी हुई चोरी

कोटद्वार : नगर क्षेत्र के अंतर्गत प्राइड मॉल चौराहा (तड़ियाल चौक) में रखी वर्षों पुरानी जल संस्थान की पानी के लिए रखी लोहे की टंकी चोरी हो गई है। जिससे स्थानीय व्यापारियों के साथ ही राहगीरों और निराश्रित पशुओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के दुकानदारों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंप पानी की टंकी की खोजबीन करा टंकी को पुनः चौराहे में स्थापित करने की मांग की है। तड़ियाल चौक के दुकानदारों ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर तड़ियाल चौक में 30 साल पहले जल संस्थान की ओर से टंकी स्थापित की गई थी। इस टंकी से स्थानीय दुकानदारों के साथ ही राहगीरों, निराश्रित जानवरों को पेयजल उपलब्ध होता था। 20 दिन पहले उक्त टंकी चोरी हो गई। ज्ञापन सौंपने वालों में योगेश राणा, निखिल, श्यामलाल कोटनाला, ताजवीर रावत, रामेश्वर ध्यानी, विपिन जदली, अमित राणा, सुबोध बिष्ट, सोम नैथानी, राजेंद्र कुकरेती, गब्बर सिंह, प्रीतम सिंह, राजेंद्र बिष्ट, संजय बिष्ट, प्रदीप बिष्ट आदि शामिल रहे।

## महाराज ने भाजपा सरकार की नौ साल की उपलब्धियां बताई

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा चौबट्टाखाल विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को बौंसाल, मैटाकुंड, अमोठा, पाटीसैंण में भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय जनता से जनसंपर्क किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने भाजपा सरकार की पिछले नौ सालों की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर काम करने को कहा।

जनसंपर्क अभियान के दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इन नौ सालों में कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। धारा 370, राम मंदिर जैसे महत्वपूर्ण फैसले भी भाजपा कार्यकाल के दौरान हुए है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताना है और देश को विकास की ओर अग्रसर करना है। इसके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटीसैंण का औचक निरीक्षण भी किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, भाजपा जिला महामंत्री शशि रतूड़ी, मंडल अध्यक्ष एकेश्वर गणेश रावत, मंडल अध्यक्ष सतपुली सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## कूलर से बच्ची को लगा करंट, हालत गंभीर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के लकड़ी पड़ाव में एक बच्ची करंट लगने से बेहोश हो गई। गंभीर हालत में उसे राजकीय बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लकड़ी पड़ाव निवासी आसिफ ने बताया कि उसकी सात वर्ष की पुत्री आलिया बीते बुधवार शाम को घर के आंगन में खेल रही थी। तभी आंगन के पास लगे कूलर के पास उसकी गेंद चली गई। गेंद को उठाते समय उसका हाथ कूलर पर लग गया। कूलर पर हाथ लगते ही उसे करंट का बड़ा झटका लगा और वह बेहोश हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे बेस अस्पताल में लेकर आए। इमरजेंसी में चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे उपचार के लिए भर्ती करा दिया।

# अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने को कांग्रेसियों ने दिया धरना

### विशेष लोक अभियोजक को हटाने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने गुरुवार को भी धरना दिया। कांग्रेसी बीती बुधवार की रात भर धरने में बैठे रहे। इस दौरान धरने में अंकिता के माता-पिता भी बैठे। इस मौके पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर अंकिता हत्याकांड से विशेष लोक अभियोजक को हटाने, दोषियों को जल्द फांसी की सजा देने, अंकिता के किसी एक परिजन को सरकारी नौकरी देने, इस केस में तथाकथित वीआईपी के नाम को सार्वजनिक करने की मांग उठाई।

अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर बीते बुधवार से 24 घंटे तक सांकेतिक धरना दिया। गुरुवार को धरने में अंकिता की मां सोनी देवी व पिता वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि सरकार उनकी मांग को लगातार अनसुना कर रही है। वह पिछले लंबे समय से सरकारी वकील को केस से हटाने की मांग कर रहे है, लेकिन उनकी मांग को अनदेखा किया जा रहा है। धरने के बाद कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी के नेतृत्व में अंकिता के परिजनों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि जल्द ही अंकिता के परिजनों की मांग पूरी नहीं होने पर पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, नगराध्यक्ष भरत सिंह, नवल किशोर, नीलम रावत, अनीता रावत, सरिता नेगी, संजना गुजराल, अंकित नौटियाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।



## कोटद्वार के विकास को गंभीरता से करें कार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति ने मेडिकल कॉलेज सहित कोटद्वार विधानसभा के लिए स्वीकृत विकास कार्यों को पूरा कराने की मांग की है। कहा कि कोटद्वार के बेहतर विकास के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

इस संबध में समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला और सचिव विपुल उनियाल ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में भाबर में मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा की गई थी। प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। कहा कि पूर्व सरकार और विधायक की कमजोर पैरवी के कारण कोर्ट ने जहां गढ़वाल और कुमाऊं की लाइफ लाइन रामनगर-कोटद्वार कंडी मार्ग पर आवाजाही बंद कर दी वहीं चिलरखाल-लालढांग मार्ग के निर्माण पर भी रोक लगा दी। मोटर नगर में प्रस्तावित बस अड्डे का निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में ही लटका हुआ है। ज्ञापन में प्रस्तावित मेडिकल कालेज का निर्माण कराने, चिलरखाल-लालढांग मार्ग निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका प्रस्तुत कर सशक्त पैरवी करने, मोटर नगर बस अड्डे का निर्माण कराने, भाबर और सनेह क्षेत्र में सिटी बस संचालित करने, केंद्रीय विद्यालय खोलने, गृह कर निर्धारण पूर्व की भांति करने की मांग भी की गई है।

# कल्जीखाल बीडीसी में छाए पानी, शिक्षा और सड़क के मुद्दे

पौड़ी : कल्जीखाल बीडीसी बैठक में पेयजल, शिक्षा और सड़क की समस्याएं छाई रही। सदस्यों ने सदन में अपने क्षेत्र की बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य समस्याएं रखीं। ब्लाक प्रमुख बीना राणा ने अफसरों से कहा कि जन प्रतिनिधियों के द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण कर इसकी लिखित सूचना बीडीओ को देने को कहा। बैठक में प्रमुख वीना राणा ने जिला विकास अधिकारी मानवेन्द्र कौर को प्रथम बार विकास खण्ड आगमन पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

ब्लाक प्रमुख बीना राणा की अध्यक्षता में गुरूवार को ब्लाक सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागवार योजनाओं की समीक्षा हुई। जल निगम और जल संस्थान की चर्चा के दौरान बीडीसी सदस्य सुमन देवी ने बताया की तुण्डेड़ में टंकी तो बनी, लेकिन उस पर पानी नहीं चल रहा और टंगरोली में पेयजल की समस्या है। जिस पर बताया गया कि एक सप्ताह में समस्या का निस्तारण कर लिया जाएगा। प्रधान नैथाना महाकान्त नैथानी ने भेटुली में पेयजल किल्लत की समस्या बताई इसे दूर करने को कहा। प्रधान धारी मदन सिंह ने पानी के बिलों के बारे कहा कि पानी नहीं आने के बावजूद विभाग बिल भेज रहा है। राकेश कुमार प्रधान ने थापला को चिनवाड़ी डांडा पम्पिंग योजना से जोड़ने के लिए कहा। शिक्षा विभाग की चर्चा में प्रधान बीरेन्द्र लाल ने हाईस्कूल मिरचौड़ा में शिक्षकों की कमी को दूर करने की मांग रखी। बीडीसी सदस्य देवेन्द्र सिंह ने उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल बाड़ियूं में टूट पुस्ते को ठीक करने को कहा। मिरचौड़ा में प्रधान बीरेन्द्र लाल ने हाईस्कूल मिरचौड़ा में अध्यापकों की कमी का मुद्दा उठाया। देवेन्द्र सिंह क्षेत्र सदस्य बिलखेत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बाड़ियूं में पुस्ता टूटने के बारे में बताया। सीईओ डॉ. आनंद भारद्वाज ने बताया कि इसका आंगणन बनाया जाएगा। कहा कि 25 फीसदी बीपीएल परिवार के छात्रों को पब्लिक स्कूलों में एडमीशन दिया जा रहा है। कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को 2850 रूपये साइकिल के लिए एफडीआर के रूप में दिए जाएंगे। लोनिवि की चर्चा में प्रधान रमेश चन्द्र शाह ने कुनकुली-बहेड़ाखाल सड़क पर ठेकेदार को भुगतान न होने के बारे में कहा। जबकि प्रधान राकेश कुमार ने गुरेथखाल थापला सड़क निर्माण में नाली एवं स्कवर बनाने का प्रस्ताव रखा। बीडीसी सदस्य विवेक नेगी ने कहा कि नैल-धमेली, भट्टीगांव-नगर, चिलोली-किमोली-भेटी सड़क क्षतिग्रस्त है, इन्हें ठीक किया जाए। वन विभाग की चर्चा में प्रधान थनुल नरेन्द्र सिंह नेगी ने बाघ के आंतक से निजात दिलाने की मांग की। बताया कि बाघ ने दो गाय को मार दिया है, संबंधित को मुआवजा दिया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द भारद्वाज, जिला आयुश अधिकारी केएस नपच्याल, एडीपीआरओ नितिन नौटियाल, तहसीलदार हरेन्द्र खत्री, एआरटीओ पौड़ी प्रदीप रौथाण, प्रमुख संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राणा, ज्येष्ठ उपप्रमुख अनिल नेगी, कनिष्ठ उप प्रमुख अर्जुन पटवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिरचौड़ा विवेक नेगी, गढ़कोट माधुरी देवी, साकनी बड़ी राकेश नैथानी, बिलखेत देबेन्द्र सिंह, प्रधान थापला राकेश कुमार, प्रधान दिउसा रमेश चन्द्र शाह, प्रधान दिवई अनीता देवी, प्रधान मरोड़ा भारती देवी, कुलदीप रावत, अशोक रावत, अजय पटवाल विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन खण्ड विकास अधिकारी सुरेश शाह एवं ग्राम विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद भट्ट ने किया।



प्रमुख वीना राणा जिला विकास अधिकारी मानवेन्द्र कौर को सम्मानित करते हुए।

सम्पादकीय

# राष्ट्रीय खेलों की चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी

उत्तराखंड खेलों की दिशा में एक बड़े आयोजन की तैयारी कर रहा है। राज्य में आगामी वर्ष अक्टूबर–नवंबर में 38वें राष्ट्रीय खेलों तथा देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी, नैनीताल, रुद्रपुर एवं गूलरभोज में निर्धारित स्थलों पर खेलों के आयोजन पर सहमति बन चुकी है और राज्य सरकार ने यहां हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड के लिए यह एक विशेष आयोजन होगा क्योंकि इस आयोजन के बाद उत्तराखंड में भी खेलों को एक बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में प्रेरित किया जा सकेगा। उत्तराखंड में खेलों के विकास को लेकर यूं त सरकार ने खिलाड़ियों के लिए कुछ योजनाएं चालू की है लेकिन आज भी उत्तराखंड प्रदेश खेल जगत में अपनी वह पहचान नहीं बना सका है जो उसे अन्य राज्यों की अपेक्षा एक अलग वर्ग में खड़ा कर सके। हालांकि 23 वर्ष के अपने वजूद में उत्तराखंड खेलों में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर राज्य को गौरवान्वित किया है लेकिन इनमें अधिकांश खिलाड़ी सुविधा ना होते हुए भी आगे बढ़े हैं। सबसे बड़ी समस्या प्राथमिक स्तर पर खेलों को पाठ्यक्रम में लागू ना करने की है। हमारे देश में आज भी बच्चे काफी विलंब से खेलों के मैदान में कदम रखते हैं जिस कारण तैयारी का एक बड़ा हिस्सा प्राइमरी शिक्षा में ही खर्च हो जाता है। खिलाड़ियों को कच्ची उम्र से ही तैयार करना होता है, बड़ी कक्षाओं में जाने के बाद शुरू की जाने वाली खेलों की तैयारियां बेहतर प्रदर्शन करने में कहीं ना कहीं चूक जाती हैं। विदेशों की परिस्थितियों एवं तैयारियों का आकलन किया जाए तो वहां "पूत के पांव पालने में" दिखने के साथ ही तैयारियां शुरू करा दी जाती है। तमाम अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उनकी तैयारियों को खुद प्रदर्शित करता है जबकि ओलंपिक जैसे खेलों में भारतीय खेमा चंद मेडल्स तक ही सीमित है। देश के दूसरे राज्य हो या फिर उत्तराखंड, खेलों को प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में अनिवार्य तौर पर लागू करना होगा एवं प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार खेलों में शामिल करना होगा। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में अच्छे मैदान एवं संसाधन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकार की है। कुछ निजी संस्थान भी खेलों की तैयारियां कराते हैं, लेकिन इनमें लिया जाने वाला शुल्क ऐसे कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षण से वंचित कर देता है जो इस खर्चे को उठाने की क्षमता नहीं रखते। उत्तराखंड सरकार को प्रचलित खेलों के अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में शामिल किए जाने वाले व्यक्तिगत प्रदर्शन के खेलों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था प्रत्येक सरकारी विद्यालय में करने पर विचार करना चाहिए। इनमें तीरंदाजी, बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट्स, बैडमिंटन और टेबल टेनिस तथा एथलेटिक्स आदि खेलों के प्रशिक्षण को शुरू करना चाहिए। अभी प्रयास शुरू होंगे और कुशल प्रशिक्षक नियुक्त किए जाएंगे तो निश्चित तौर पर भविष्य में ना केवल अपने राज्य, बल्कि देश का नाम भी उत्तराखंड के खिलाड़ी रोशन करेंगे। जरूरत है एक लक्ष्य निर्धारित करने की जिसमे प्राइमरी स्तर पर बच्चों को खेलों के लिए तैयार किया जाए।

# महाराष्ट्र के बाद बिहार पर नजर

विपक्षी एकता की पहली बैठक बिहार में हुई थी और उसके बाद भाजपा ने विपक्ष को कमजोर करने और एकता की संभावना को पंक्चर करने का अभियान तेज कर दिया। महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी एनसीपी टूट गई है और उनके भतीजे अजित पवार भाजपा–शिव सेना की सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए हैं। अब राज्य में भाजपा–शिव सेना–एनसीपी की सरकार बन गई है। शरद पवार जैसे बड़े नेता की पार्टी का टूटना बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम है, जिससे निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के मनोबल पर असर हुआ होगा। अब कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र के बाद बिहार की बारी है।

बिहार की बारी दो कारणों से बताई जा रही है। पहला कारण तो यह है कि एक साल पहले 30 जून को जब शिव सेना को तोड़ कर भाजपा ने एकनाथ शिंदे के साथ मिल कर सरकार बनाई थी उसके दो एक महीने बाद ही बिहार में नीतीश कुमार ने भाजपा से तालमेल तोड़ कर राजद के साथ सरकार बना ली थी। यानी भाजपा के महाराष्ट्र के जश्न को नीतीश ने बिहार में गम मे बदल दिया था। सो, अब उसका बदला लेना है। दूसरा कारण यह है कि शरद पवार की पार्टी की ही तरह नीतीश की पार्टी में कई कमजोर कडियां हैं, जिनका फायदा भाजपा उठा सकती है।

महाराष्ट्र में अजित पवार एनसीपी की कमजोर कड़ी थी। वे काफी समय से भाजपा के संपर्क में थे। उसी तरह एक समय नीतीश की पार्टी में नंबर दो की पोजिशन में रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह अब भाजपा के साथ चले गए हैं। उनके जरिए बताया जा रहा है कि जदयू के कई नेताओं से भाजपा का संपर्क है। इसके अलावा जदयू के कई नेताओं को अगले चुनाव में अपने भविष्य की चिंता है। उनको लग रहा है कि राजद के साथ जाने की वजह से वे अपने चुनाव क्षेत्र में कमजोर हुए हैं। उनका समीकरण बिगड़ा है। ऐसे नेता भाजपा के साथ जा सकते हैं।जदयू के कई नेताओं की महत्वाकांक्षा बड़ी है। उनको लग रहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा उनको टिकट दे सकती है। ध्यान रहे भाजपा पिछली बार 17 सीटों पर लड़ी थी और सभी सीटों पर जीती थी। इस बार वह 30 सीटों पर लड़ेगी। इसलिए उसे 13 नए उम्मीदवार चाहिए। जदयू के कुछ नेता इस उम्मीद में भी भाजपा से बात कर रहे हैं कि उनको लोकसभा की टिकट मिल जाए।

# दाल की खेती क्यों घटी?

दाल की खेती के इलाके अगर सिकुड़ रहे हैं, तो यह सवाल बहुत गंभीर हो जाता है। यह और भी चिंताजनक कि जिन किसानों को पहले बाजार से दाल नहीं खरीदनी पड़ती थी, वे भी अब ऐसा करने पर मजबूर हैं।यह खबर चिंताजनक है कि बीते साल के मुकाबले भारत में धान और अरहर की खेती वाले इलाके इस साल घट गए हैं। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक धान की खेती वाले इलाके 34 फीसदी और अरहर की खेती वाले इलाके 65 फीसदी कम हो गए हैं। खरीफ के सीजन में सोयाबीन की खेती वाले इलाके भी बीते साल के मुकाबले 34 फीसदी घट गए। यहां यह बात ध्यान में रखने की है कि दालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक तीनों है। यानी भारत इस मामले में आत्मनिर्भर नहीं है।

ऐसी हालत में दाल की खेती के इलाके अगर सिकुड़ रहे हैं, तो यह सवाल बहुत गंभीर हो जाता है। यह और भी चिंताजनक कि जिन किसानों को पहले बाजार से दाल नहीं खरीदनी पड़ती थी, वे भी अब ऐसा करने पर मजबूर हैं। यह हालत क्यों पैदा हुई ?वजह यह है कि किसानों को अब दाल की खेती करना फायदेमंद नहीं लगता। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है।



# अब किसी तोडफ़ोड़ से राहुल नहीं रुकेंगे !

**आदित्य ने अपने छोटे से राजनीतिक जीवन में तीन बार सरकार बदलते और अपनीपार्टी सहित सभी पार्टियों में टूट फूट देख ली है। उन्हें पिता के साथपटना जाने का भी मौका मिला था। उद्धव को ऐसे मौके नहीं मिले। क्योंकि बालठाकरे कहीं जाते नहीं थे। इसलिए उनके बाद उद्धव को राजनीति समझ में आनेमें टाइम लगा। लेकिन आदित्य की राजनीतिक शिक्षा दीक्षा अच्छी हो रही है।समय उन्हें अनुभव भी खूब दे रहा है। संभवतः वे विपक्ष की दूसरी बैठक मेंबंगलूरू भी आएं। ये महाराष्ट्र का घटनाक्रम है। जो ठाकरे परिवार के पक्षमें जाता हुआ दिख रहा है। तो इसके लिए मोदी जी ने एनसीपी में तोडफ़ोड़ नहीं करवाई है। दरअसल यहराहुल गांधी के लगातार एक के बाद एक मोर्चे जीतते चले जाने और इससेहिम्मत पाकर दूसरे विपक्षी दलों के उनके साथ आने को रोकने के लिए की गईकार्रवाई है। इसका सीधा उद्देश्य विपक्षी दलों में खौफ पैदा करना है किअगर राहुल के साथ गए तो तुम भी सलामत नहीं रहोगे। एनसीपी तोड़ दिया और अबकिसी भी पार्टी को तोड़ सकते हैं। और तोडऩे के लिए हमारे पास ईडी, इनकमटैक्स, सीबीआई, एनआईए और कई एजेन्सियां हैं।**

**शकील अख्तर,**

तेलंगाना की राहुल की विशाल सभा ने दिखा दिया कि जनता किसके साथ है।ज्यही है फासिज्म कि हम उठा कर ले जाएंगे, तोडेंगे, बता रहे हैं ! क्या कर लोगे ? जी हां ! न्यूज चैनलों और अखबारों में ऐसे ही हैडिंग भरे पड़े हैं। एनसीपी के बाद जेडीयू तोडेंगे। उत्तर प्रदेश में भी विपक्ष टूटेगा। कर्नाटक बचेगा नहीं, कांग्रेस मध्य प्रदेश को याद रखे !ज्मीडिया का हाल बैंड बाजा टीम से भी बुरा हो गया है। बैंड वाले शोक सभा मेंखुशी की घुन नहीं बजाएंगे। चाहे आप कितना ही पैसा दे दो। एक नैतिकता, प्रोफेशनलिज्म उनमें है। मगर इस मीडिया से आप कुछ भी कहलवा लो लिखवा लो।

यह चेतावनी या धमकी नहीं है, यही है फासिज्म कि हम उठा कर ले जाएंगे,तोडेंगे, बता रहे हैं ! क्या कर लोगे ?

जी हां ! न्यूज चैनलों और अखबारों में ऐसे ही हैडिंग भरे पड़े हैं। एनसीपीके बाद जेडीयू तोडेंगे। उत्तर प्रदेश में भी विपक्ष टूटेगा। कर्नाटक बचेगा नहीं, कांग्रेस मध्य प्रदेश को याद रखे !

मतलब रोक सकते हो तो रोक लो। आज तुम्हारे यहां चोरी होगी। चोरी औरसीनाजोरी का मुहावरा यहीं से निकला है। सामंतवाद में ऐसी ही दबंगी होतीथी। उसी के खिलाफ जनता को संरक्षण देने के लिए लोकतंत्र आया।

लोकतंत्र मतलब लोग अपनी मर्जी से अपनी शासन व्यवस्था चुनें। दलीयलोकतंत्र। जहां आप किसी दल को उसके प्रतिनिधि को अपने लिए चुनते हैं। मगरअब तो उन्हें उठाकर ले जाया जा रहा है। और कहा जा रहा कि और ले जाएंगे।

महाराष्ट्र में ले गए। बिहार में करेंगे। यूपी में भी होगा। और गोदीमीडिया इसको बहुत बहादुरी का काम बता रहा है।

माफ कीजिए यह बिल्कुल भांडों का काम है। जो किसी लड़की का अपहरण करने कोभी राजा की बहादुरी और वीरता बता देते थे। कुछ इस तरह जैसे हमारे यहांडाकुओं पर बनने वाली फिल्मों में डाकू दिन तारीख बता कर कहते थे सेठ तेरेयहां आएंगे। जो कर सकता है कर लेना। लूट कर जाएंगे। बड़ी अच्छी बात है ! एकदम गैर–कानूनी, अनैतिक, दबंगी का काम करने वालेनायक की तरह पेश किए जा रहे हैं। और पीड़ितों को अयोग्य बताया जा रहा है।कहा जा रहा है कि अपने घर की रक्षा नहीं कर पाए। मतलब हम तो डाकाडालेंगे, तुम अगर बचा नहीं पाए तो दोष तुम्हारा। नालायक हो निकम्मे हो !यह नया दौर चल रहा है। पीड़ित को ही दोषी ठहराने का। और आरोपी को हीरोबनाने का। अभी ब्रजभूषण शरण सिंह को बनाया जा रहा था हीरो। और ओलम्पिकमें मैडल लाने वाली पहलवानों पर उल्टे इल्जाम लगाए जा रहे थे। उनसे हीसवाल किए जा रहे थे।

अब अजीत पवार को हीरो बनाया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही वे जब सुबहमुंह अंधेंरे भजपा के मुख्यमंत्री फडऩवीस के साथ शपथ लेकर फिर वापस माफीमांगते हुए शरद पवार के पास आ गए थे तो उनको डरपोक, अस्थिर सोच काव्यक्ति बताया जा रहा था। अब फिर उन्होंने दल बदल किया तो वे वीर बहादुरहो गए। असली पवार हो गए।

मीडिया का हाल बैंड बाजा टीम से भी बुरा हो गया है। बैंड वाले शोक सभा मेंखुशी की घुन नहीं बजाएंगे। चाहे आप कितना ही पैसा दे दो। एक नैतिकता,प्रोफेशनलिज्म उनमें है। और इंसानी सभ्यता, मानवता भी। मगर इस मीडिया सेआप कुछ भी कहलवा लो लिखवा लो। ये भयानक ट्रेन दुर्घटना में सैंकड़ोलाशों, घायलों के बीच मोदी मोदी के नारे कवर करते हैं। और उत्साह पूर्वकबताते हैं कि देखिए कैसा माहौल है।

लेकिन मूल सवाल मीडिया का नहीं, उसकी तो अब कोई हैसियत बची नहीं है, वहतो उस फिल्मी गाने की तरह हो गई कि झ बैठ जा, बैठ गई, खड़ी हो जा खड़ीगई, घूम जा घूम गई ! उससे क्या कहना। वह तो बस में हो गई। सवाल भाजपा काहै कि महाराष्ट्र में अपनी चलती हुई सरकार के बावजूद अचानक उसे वहां तोडफ़ोड़ की क्या सूझी ?

यह दरअसल महाराष्ट्र के लिए नहीं है। महाराष्ट्र में यह दांव उसे उल्टापडऩा है। वहां तो इस नए ड्रामे के बाद उद्धव ठाकरे का कद सबसे ज्यादाबढ़ गया। एक तो भाजपा के खुद बहुमत में आने के बाद एकनाथ शिंदे महत्वहीनहो गए। इससे उनके वापस कभी भी उद्धव ठाकरे के पास लौटने की संभावनाएं बढग़ई हैं। दूसरे एकनाथ सहित, फडऩवीस, अजीत पवार, शरद पवार सब का भोकाल खतमहो गया है। जनता में सीधा मैसेज गया है कि राज्य में सबसे ज्यादापरिपक्क, गंभीर और सरकार चलाने की योग्यता रखने वाला नेता उद्धव ठाकरेहै। इसके साथ ही उनके बेटे आदित्य ठाकरे की स्थिति मजबूत हो रही है।

आदित्य ने अपने छोटे से राजनीतिक जीवन में तीन बार सरकार बदलते और अपनीपार्टी सहित सभी पार्टियों में टूट फूट देख ली है। उन्हें पिता के साथपटना जाने का भी मौका मिला था। उद्धव को ऐसे मौके नहीं मिले। क्योंकि बालठाकरे कहीं जाते नहीं थे। इसलिए उनके बाद उद्धव को राजनीति समझ में आनेमें टाइम लगा। लेकिन आदित्य की राजनीतिक शिक्षा दीक्षा अच्छी हो रही है।समय उन्हें अनुभव भी खूब दे रहा है। संभवतः वे विपक्ष की दूसरी बैठक मेंबंगलूरू भी आएं। ये महाराष्ट्र का घटनाक्रम है। जो ठाकरे परिवार के पक्षमें जाता हुआ दिख रहा है।

तो इसके लिए मोदी जी ने एनसीपी में तोडफ़ोड़ नहीं करवाई है। दरअसल यहराहुल गांधी के लगातार एक के बाद एक मोर्चे जीतते चले जाने और इससेहिम्मत पाकर दूसरे विपक्षी दलों के उनके साथ आने को रोकने के लिए की गईकार्रवाई है। इसका सीधा उद्देश्य विपक्षी दलों में खौफ पैदा करना है किअगर राहुल के साथ गए तो तुम भी सलामत नहीं रहोगे। एनसीपी तोड़ दिया और अबकिसी भी पार्टी को तोड़ सकते हैं। और तोडऩे के लिए हमारे पास ईडी, इनकमटैक्स, सीबीआई, एनआईए और कई एजेन्सियां हैं।

देखिए इसी डर से अखिलेश सीधे तेलंगाना पहुंच गए। वहां एक दिन पहले हीराहुल बीआरएस पार्टी को भाजपा की रिश्तेदार समिति और मुख्यमंत्री केसीआरको मोदी की कठपुतली बता कर आए थे। बहुत विशाल सभा में और ऐसी भीड़ में जोजोश में थी। राहुल को देखकर रिस्पांस कर रही थी। इससे जितना केसीआर कोखतरा महसूस हुआ उससे ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी को।

ठीक है मामला राहुल केसीआर और मोदी का था। मगर इसमें अखिलेश यादव ने काहेको एन्ट्री ले ली ! दरअसल अखिलेश की एन्ट्री में ही सारी कहानी छुपी हुईहै। अखिलेश तेलंगाना पहुंचे और बोले कि केसीआऱ से मिलकर मोदी से लड़ेंगे। वाह ! वैरी गुड ! केसीआर तो खुद अभी राहुल से लड़ रहे हैं। उनके यहांविधानसभा चुनाव है। केसीआर के मोदी से लडऩे का सवाल कहां आता है ? मोदीसे तो राहुल लड़ रहे हैं। लेकिन अखिलेश कहते हैं कि केसीआर के साथ मिलकरमोदी से लड़ेंगे।

यही एनसीपी को तोडऩे का बाय इफेक्ट है। अखिलेश हिल गए। अप्रत्यक्ष रूपसे मोदी की मदद करने लगे। केसीआर के साथ मिलकर मोदी से लडऩे का मतलबतीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट को फिर से तेज करना है। और तीसरा मोर्चा मतलबमोदी को फायदा पहुंचाना। मगर अब एक मजेदार बात है। तीसरा मोर्चा फिर से बनवाने की कोशिशें भाजपाचाहे जितनी कर ले। बंगलुरू में होने वाली 17– 18 जून की बैठक में जाने सेकिसी को रोक ले मगर इन सबसे अब राहुल को नहीं रोक सकते।

राहुल फार्म में आ गए हैं। और क्रिकेट में कहते हैं कि बड़ा बैट्समेनबड़े मैच के पहले ही फार्म में आता है। 2024 लोकसभा बड़ा मैच है। फाइनल।और उससे पहले राहुल के लिए सारे मैच क्वार्टर, सेमी सब आसान होने जा रहेहैं। पांच राज्यों के चुनाव हैं इसी साल। इनमें से एक में भी भाजपा मजबूतनहीं है। मोदी जी को इसकी ज्यादा चिन्ता नहीं है। असली चिन्ता है 2024लोकसभा जीतना। और उसके लिए सबसे बड़ी बाधा विपक्षी एकता है। उसे मोदी जीतोडऩा चाहते हैं। महाराष्ट्र इसी लिए किया गया और मीडिया के जरिए माहौलबनाया गया कि राहुल की वजह से एनसीपी टूटी।

मीडिया और भाजपा को नहीं मालूम कि अब घबराहट में कही और की गई उनकी हरबात का फायदा राहुल को मिल रहा है। मैसेज क्या गया कि राहुल इतने ताकतवरहो गए हैं कि उनके कुछ बिना किए उनके असर से दूसरी पार्टियां प्रभावितहोती हैं ! वे कुछ भी कर सकते हैं ! ऐसी छवि तो कभी मोदी जी की थी। वह अब राहुल में स्थानान्तरित हो गई है।इसलिए अब विपक्ष कम साथ· आए। ज्यादा शर्तें रखे कोई फर्क पडऩे वाला नहींहै। एक माहौल जो बनना था कि मोदी के मुकाबले कौन ? वह बन गया।

राहुल सामने खड़े हैं। अब केजरीवाल कुछ कहें, अखिलेश कुछ करें और भी एकदो दल ढुलमुल हों मगर जनता राहुल के नेतृत्व वाली विपक्षी एकता के पक्षमें दिख रही है। तेलंगाना की राहुल की विशाल सभा ने दिखा दिया कि जनताकिसके साथ है।

# मैक्रों से फ्रांस में उबाल !

**श्रुति व्यास**

फ्रांस में लोग बुरी तरह भड़के हुए हैं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहां पांच दिनों से दंगे चल रहे हैं और देश में तनाव इतना ज्यादा बढ़ा है कि राष्ट्रपति को अपनी पहले से तय तीन दिन की जर्मनी की वह यात्रा टालनी पड़ी है, जो पिछले 23 वर्षों में किसी फ्रांसीसी राष्ट्रपति की जर्मनी की पहली यात्रा होती। साफ़ है फ्रांस में हालात कितने ख़राब हैं।

कुछ दिन पहले तक राष्ट्रपति मैक्रों पेंशन पाने की न्यूनतम आयु 62 साल से बढ़ाकर 64 साल करने के अपने फैसले से पैदा हुए राजनैतिक संकट से जूझ रहे थे। इस निर्णय ने उन्हें काफी अलोकप्रिय बना दिया था। यह एक विडंबना ही है कि राष्ट्रपति मैक्रों दुनिया के नेताओं को एक मंच पर लाने में आगे रहे हैं। वे स्वच्छ पर्यावरण वाली पृथ्वी, शांति और आर्थिक स्थिरता की प्राथमिकता लिए हुए हैं।लेकिन अपने देश में ही उन्हे अशांति और अस्थिरता का मुकाबला करना पड रहा हैं। यूक्रेन युद्ध प्रारंभ होने से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने वालों में वे सबसे पहले बड़े नेता थे झ हालांकि उनके इस कदम की उस समय तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। मैक्रों को उम्मीद है कि वे "वह अंतर्राष्ट्रीय मेल–मिलाप कायम कर पाएंगे जो युद्ध रोकने और मौजूदा चुनौतियों का मुकाबला करने में उपयोगी होगा'" और "एक शक्तिशाली यूरोप का निर्माण कर पाएंगे जो बदली हुई दुनिया में एक मज़बूत आवाज़ बन सकेगा और जिसके सिद्धांत दुनिया के लिए उपयोगी होंगे।" तभी अपने करिश्माई व्यक्तित्व के कारण वे अपने समकालीन नेताओं के बीच एक हीरो बनकर उभरे हैं।

लेकिन अपने देश में उन्हें हिकारत और नफरत का सामना करना पड़ रहा है। वे जनता में बहुत अलोकप्रिय हो गए हैं। यहां तक कि देश के इतिहास में पहली बार फ्रांसीसियों के एक बड़े क्षेत्र में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है जहां 8 मई को मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता था।

वे फ्रांस के सबसे युवा राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने दुनिया में चल रही दक्षिणपंथ और पोपुलिज्म की लहर को शिकस्त दी थी। लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें थी। उन्होंने राजनैतिक ढांचे की बांटने वाली दीवारों को ध्वस्त किया था। लेकिन आज वे निंदा और तिरस्कार का सामना कर रहे हैं। सार्वजनिक आयोजनों में उनका मजाक उड़ाया जाता है। उनके साथ धक्का–मुक्की हुई है।उन्हें थप्पड़ मारे गए हैं और उन पर अंडे–टमाटर फेंके जाते हैं। राजनैतिक दृष्टि से भी वे असुरक्षित हैं। उनकी अल्पमत मध्यमार्गी सरकार धुर वामपंथी और राष्ट्रवादी व धुर दक्षिणपंथी समूहों के दो पाटों के बीच फंसी हुई है। पहले पेंशन के मुद्दे और अब इन दंगों के चलते विपक्ष को उन पर कीचड़ उछालने का एक और मौका मिल गया है।



**सन् 2022 में सड़कों पर वाहनों की जांच के दौरान 13 लोग मारे गए, जो एक रिकार्ड है। बॉनल्यु (बड़े शहरों के उपनगरों) में हालात ज्यादा बुरे हैं। वहां रहने वालों का मानना है कि पुलिस अहंकारी है और उनके साथ बुरा व्यवहार करती है। बताया जाता है कि युवकों के आईडी कार्ड देखे जाते हैं और उनके 'इरादोंइ की पड़ताल की जाती है।30 जून को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने फ्रांस से गुहार की कि वह "कानून लागू करने में नस्लवाद और भेदभाव के गंभीर मामलों की ओर ध्यान दे।" राष्ट्रपति मैक्रों अत्यंत गंभीर मुश्किल में हैं। सन् 2017 में पद संभालने के बाद से उन्होंने पुलिस पर भरोसा किया जिससे देश की सियासत में पुलिस की भूमिका और महत्वपूर्ण हुई।**

हालांकि इस बार दंगों की प्रकृति अलग है। वे किसी सरकारी नीति के कारण नहीं भड़के हैं बल्कि इनके मूल में है पुलिस द्वारा की गई हिंसा और नस्लवाद। पिछले हफ्ते मोरक्को और अल्जीरियाई मूल के एक 17 साल के युवक को एक ट्रैफिक स्टाप पर एक पुलिस अधिकारी ने गोली मारी,जिससे उसकी मौत हो गई। इस हत्या ने पुलिसिया हिंसा के सबसे अतिवादी स्वरूप को बेनकाब किया जिसमें उन समुदायों को लंबे समय से निशाना बनाया जाता रहा है जो श्वेत नहीं हैं। इस घटना से पूरे देश में असंतोष फैला। यह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सत्ता के लिए एक और झटका है क्योंकि उन्हें एक बार फिर आग की लपटों में घिरे फ्रांस का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रपति ने पुलिस की कार्यवाही को 'अक्षम्यइ और 'गैर–जिम्मेदारानाइ बताया। सन् 2017 की शुरूआत में पुलिस द्वारा हथियारों के उपयोग के बारे में नियमों में ढील दी गई थी (यह मैक्रों के पूर्ववर्ती फ्रेंकोइस हॉलैंड ने किया था)। इसके नतीजे में उसके बाद के सालों में पुलिस द्वारा प्राणघातक गोलीबारी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। सन् 2017 में जहां इन घटनाओं में 27लोगों की मौतें हुईं थीं वहीं सन् 2021 में इनमें 52 लोग मारे गए।

सन् 2022 में सड़कों पर वाहनों की जांच के दौरान 13 लोग मारे गए, जो एक रिकार्ड है। बॉनल्यु (बड़े शहरों के उपनगरों) में हालात ज्यादा बुरे हैं। वहां रहने वालों का मानना है कि पुलिस अहंकारी है और उनके साथ बुरा व्यवहार करती है। बताया जाता है कि युवकों के आईडी कार्ड देखे जाते हैं और उनके 'इरादोंइ की पड़ताल की जाती है।30 जून को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने फ्रांस से गुहार की कि वह "कानून लागू करने में नस्लवाद और भेदभाव के गंभीर मामलों की ओर ध्यान दे।" राष्ट्रपति मैक्रों अत्यंत गंभीर मुश्किल में हैं। सन् 2017 में पद संभालने के बाद से उन्होंने पुलिस पर भरोसा किया जिससे देश की सियासत में पुलिस की भूमिका और महत्वपूर्ण हुई। विभिन्न सामाजिक सुधारों के विरोध के लंबे सिलसिले झ जिसमें पेंशन प्रणाली का मुद्दा सबसे ताजा है झ का मुकाबला पुलिस ने सख्ती से किया। महामारी के सबसे बुरे दौर में मैक्रों द्वारा लगाए गए लाकडाउन और कर्फ्यू पर अमल करवाने में पुलिस अधिकारी सबसे आगे थे। अब जबकि पुलिस राष्ट्रस्तरीय टकरावों और विवादों के केन्द्र में है, कोई आश्चर्य नहीं कि मैक्रों के हाथ बंधे हुए होंगे।

इसके अलावा राजनीति में भी मुश्किले है। राजनीति में भी मैक्रों की स्थिति अब अच्छी नहीं है। उनकी विरोधी और प्रतिद्वंद्वी नेशनल रैली की मारीन ल्युपेन ने इसे "तानशाह सत्ता का नशा" बताया और स्थानीय स्तर पर कर्फ्यू लगाने और जरूरत होने पर आपातकाल लागू करने की बात कही। उन्होंने प्रवासियों से जुड़े कानूनों के 'ढीले–ढालेइ होने की बात भी कही हालांकि 17 साल का मृतक नाहेल देश में ही पला–बढ़ा फ्रांस का नागरिक था।

गोलीबारी की यह घटना, ल्युपेन द्वारा बुने जा रहे राजनैतिक नैरेटिव, और हिंसा रोकने में राष्ट्रपति मैक्रों की अक्षमता और पुलिस के अत्यधिक उपयोग झ इन सबके मिलेजुले असर के चलते देश की जनता बहुत गुस्सेमें है। इसमें शक नहीं है कि हाल के समय में फ्रांस में हालात दूसरे धर्मों के लोगों और गैर–श्वेतों के विरूद्ध रहे हैं।

समय–समय पर फ्रेंच पहचान और राष्ट्रवाद का धुर दक्षिणपंथी नैरेटिव लोगों के मन में बिठाने की कोशिशें होती रही हैं। हाल की गोलीबारी की घटना से समाज का वह तबका भड़क उठा है, जो इस तरह के नैरेटिव से सहमत नहीं है बल्कि चाहता है कि ऐसे विचारों के लिए समाज में कोई जगह न हो।तभी गुस्सा अब सड़कों पर है और फ्रांस वैसे ही सोच रहा है जैसी कि पूरी दुनिया सोच रही है। जहाँ तक राष्ट्रपति मैक्रों का सवाल है, इतिहास उन्हें एक ऐसे राष्ट्रपति के रूप में याद करेगा जिसने फ्रांस के समाज के लम्बे समय से चले आ रहे विभाजनों को ख़त्म करने की कोशिश हुई की लेकिन न केवल उसमें बुरी तरह असफल रहे बल्कि सर्वाधिक अलोकप्रिय भी हुए।

# अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में जल्द शुरू होगी एमआरआई की सुविधा: डॉ धन सिंह



अल्मोड़ा। मंत्री उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा, सहकारिता डॉ धन सिंह रावत ने सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान अल्मोड़ा से संबद्ध गोवर्धन तिवारी राजकीय बेस अस्पताल पहुंचकर 6.436 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित अत्याधुनिक डिजीटल रेडियोग्राफी सिस्टम/ नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंसिंग लैब एवं डिजीटल मैमोग्राफी सिस्टम का लोकार्पण किया। गुरुवार को इस दौरान मंत्री धन सिंह रावत ने स्थापित की गई सभी मशीनों का निरीक्षण भी किया, तथा उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि इन मशीनों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मेडिकल कॉलेज में 13 करोड़ रुपए की लागत से एमआरआई की सुविधा का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे पिथौरागढ़, बागेश्वर तथा अल्मोड़ा के लोगों को एमआरआई के लिए हल्द्वानी नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अटल आयुष्मान योजना के तहत निर्धन परिवारों को निशुल्क एमआरआई की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग लैब के माध्यम से कॉविड जैसी बीमारियों से जुड़ी जटिल जांचों के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

## छात्र पर हमला करने वाले पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : छात्र पर मामूली बहस के बाद कैंची से हमला करने वाले व्यापारी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल छात्र के पिता गांधी कॉलोनी निवासी राजेश देवल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 जुलाई को उनका पुत्र अमित कोचिंग से अपने दोस्त के साथ बाइक पर पुरानी इलाहाबाद गली मुख्य बाजार रुद्रपुर से घर आ रहा था। इसी दौरान वहां पर दुकान स्वामी पंकज ग्रोवर के पुत्र से बहस हो गई। व्यापारी पंकज ने आकर बोला कि दुकान में बात करते हैं। आरोप है कि जैसे ही दुकान पर गए तो वे लोग गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि पंकज ने पीछे से कैंची से उसके पुत्र के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसका पुत्र लहूलुहान हो गया।

# चेन स्नैचिंग का आरोपी अस्पताल से फरार, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

रुद्रपुर : पुलिस कर्मियों की लापरवाही के चलते चेन स्नैचिंग का एक आरोपी गुरुवार सुबह अस्पताल से फरार हो गया। एसएसपी ने मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। वहीं ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक हेड कांस्टेबल समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को महिला के गले से चेन स्नैचिंग के मामले में सिडकुल चौकी के एसआई मोहन भट्ट ने साहस का परिचय देते हुए ट्रांजिट कैंप निवासी अंशु रस्तोगी और संजय कुमार उर्फ संजू पुत्र राजेन्द्र हाल निवासी शिवनगर, ट्रांजिट कैंप, मूल निवासी मीरगंज थाना शाही बरेली को गिरफ्तार किया था। इस दौरान एसआई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि बाइक गिरने से घायल हुए दोनों आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनों को कक्ष संख्या 13 डेंगू महिला वार्ड में भर्ती किया गया था। हेड कांस्टेबल हेमचंद्र, कांस्टेबल कमल सिंह और कांस्टेबल गिरीश चंद्र को आरोपियों की निगरानी के लिए तैनात किया गया था। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे संजय कुमार तेजी से अस्पताल की तीसरी मंजिल से नीचे की ओर भागा और अस्पताल के पीछे के हिस्से से फरार हो गया। मामले का पता चलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। वहीं दूसरे आरोपी को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद सिडकुल पुलिस चौकी में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। सिडकुल चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि दूसरे आरोपी अंशु को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। डॉ. मंजूनाथ टीसी एसएसपी ऊधमसिंह नगर ने कहा कि जिला अस्पताल से चेन स्नैचिंग के आरोपी के फरार होने की घटना में ड्यूटी पर तैनात तीनों पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई है। तीनों पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीओ सिटी अनुषा बडोला को जांच सौंपी गई है। छह दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस टीम फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी। (एजेंसी)

# भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बागेश्वर का योगदान पुस्तिका का विमोचन हुआ



बागेश्वर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर के प्रवक्ता रवि कुमार जोशी के संकलन एवं संपादन से प्रकाशित पुस्तक भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बागेश्वर का योगदान का विमोचन किया गया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौर्याल, जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने पुस्तक का विमोचन किया। जोशी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत डायट बागेश्वर ने कौसानी से बागेश्वर तक की पदयात्रा की थी। उस यात्रा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अनेक परिजनों को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान, उस दौर में बागेश्वर में घटित प्रमुख घटनाओं की छानबीन कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए जिला प्रशासन से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची प्राप्त की।

जिले के 124 सेनानियों के नाम इस सूची में थे। विभिन्न स्कूलों में कार्य कर रहे शिक्षकों, जागरूक नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, अखबारों, पत्रिकाओं और से जानकारी एकत्र की गई। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सौन, डायट प्राचार्य डॉ. केएस रावत, पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह धपोला, डॉ. संदीप कुमार जोशी, डॉ. बीडी पांडे, डॉ. प्रेम सिंह मावड़ी, कैलाश प्रकाश चंदोला आदि मौजूद रहे।

## बेडू से निर्मित जैम और चटनी को बाजार में उपलब्ध

पिथौरागढ़ : सीमांत में प्रशासन ने पहाड़ी अंजीर (बेडू) से तैयार जैम और चटनी को बाजार में उतारा है। नगर में हुए कार्यक्रम के दौरान बीते रोज जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, डीएम रीना जोशी, सीडीओ वरुण चौधरी और पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत ने उत्पादों को विधिवत लांच किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बेडू सीमांत के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कहा कि यह औषधीय गुणों से भरपूर फल है। इसके सेवन से कई रोगों को दूर किया जा सकता है। रीप परियोजना के जिला परियोजना प्रबंधक प्रतीम भट्ट ने बताया कि उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति के तहत सातशिलिंग संकुल के सुदर्शन आजीविका स्वायत्त सहकारिता की महिलाएं बेडू से जैम, चटनी, स्क्वैश आदि उत्पाद बना रही है। उद्यान विभाग के तकनीकी-उत्पाद विशेषज्ञ कविन्द्र चौहान महिलाओं को इसकी जानकारी दे रहे हैं। भट्ट ने कहा कि उत्पादों को हिलांस ब्रांड के माध्यम से मार्केटिंग का कार्य किया जा रहा है।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी बनी महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा की पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शोभा जोशी को कांग्रेस संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी लेते हुए उत्तराखंड महिला कांग्रेस सेवादल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। शोभा जोशी पूर्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव भी रह चुकी हैं। शोभा जोशी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी लगातार सक्रिय रहती हैं।

लगातार उनके द्वारा कुष्ठ आश्रम सहित निर्धन व्यक्तियों की राशन, बिस्तर एवं आर्थिक सहायता देकर मदद की जाती आ रही है। कोरोनाकाल में भी शोभा जोशी ने हजारों की संख्या में ऑक्सीमीटर, मास्क, सेनेटाइजर क्षेत्र की जनता में बांटे थे। शोभा जोशी के द्वारा विगत कई सालों से जाड़ों के मौसम में निर्धन परिवारों को कम्बल देने का सिलसिला भी लगातार जारी है। अनेकों निर्धन कन्याओं का विवाह शोभा जोशी ने अपने व्यक्तिगत खर्च पर भी करवाया है। ऐसे अनेकों गरीब परिवार हैं जिनके बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा शोभा जोशी ने उठाया हुआ है। इसके अलावा सामाजिक कार्यों एवं समाज सेवा के क्षेत्र में भी शोभा जोशी सदैव अग्रणी पंक्ति में खड़ी रहती हैं। शोभा जोशी के प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष बनने से उत्तराखंड में कांग्रेस संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। श्रीमती जोशी के प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवादल बनने पर देहरादून एवं अल्मोड़ा में वरिष्ठ कांग्रेसजनों सहित पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई की संस्तुति पर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने किया राजकीय शिक्षक संघ के पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ




अल्मोड़ा। राजकीय शिक्षक संघ के पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है। विद्यालयों में शैक्षिक माहौल बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है इसलिए शिक्षकों को पूरे मनोयोग से कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार विद्यालयों को साधन संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसमें विद्या समीक्षा केंद्र और मानव संसाधन पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब शिक्षकों के गोपनीय आख्या और अवकाश से संबंधित प्रकरण जल्द ही ऑनलाइन किए जाएंगे जिसके बाद शिक्षकों को इन प्रकरणों के लिए कार्यालय के चक्कर नही काटने पड़ेंगे। इस मौके पर प्रांतीय कार्यकारिणी ने शिक्षा मंत्री को 21 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। जिस पर शिक्षा मंत्री ने निराकरण का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों के पदोन्नति, अंतरमंडलीय ट्रांसफर, पुरानी पेंशन जैसे मुद्दे कई वर्षों से लंबित हैं। जिन पर सरकार को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। विधायक जागेश्वर मोहन सिंह माहरा ने कहा की शिक्षक दुर्गम क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों में सेवा दे रहे हैं। जिस कारण दुर्गम के विद्यालयों के बच्चे भी आज कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा की स्थानांतरण और सेवानिवृति के कारण रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति होनी चाहिए। प्रांतीय अध्यक्ष केके डिमरी तथा महामंत्री सोहन माजिला ने शिक्षकों की समस्याओं को शिक्षा मंत्री के सम्मुख रखा और 21 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। जिस पर 6 माह के भीतर निराकरण का आश्वासन शिक्षा मंत्री ने दिया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक ललित लटवाल, भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, तारा जोशी, एडी माध्यमिक लीलाधर व्यास, मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट, प्रांतीय अध्यक्ष कमल किशोर डिमरी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनुज चौधरी, मंडल अध्यक्ष कुमाऊं विजय गोस्वामी, मंत्री कैलाश डोलिया, संयुक्त मंत्री रविशंकर गुसाईं, अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष भारतेंदु जोशी, मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल, महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी जोशी, उपाध्यक्ष दिनेश पंत, संयुक्त मंत्री कैलाश रावत, संयुक्त मंत्री महिला अजरा परवीन, कोषाध्यक्ष किशन खोलिया, जिला मीडिया प्रभारी नितेश कांडपाल, जिला मंत्री पिथौरागढ़ प्रवीण रावल, उपाध्यक्ष संजय जोशी, कार्यालय मंत्री गंगा प्रसाद पंत, संयुक्त मंत्री मोहित बिष्ट, कोषाध्यक्ष मनोज पांडेय, संगठन मंत्री करन थापा सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद सिंह रावत एवं रमेश धपोला ने किया।

## एक नजर

### जिला पंचायत अध्यक्ष और डीएम ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

पिथौरागढ़ : खेल विभाग ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले सात खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नगर के सुरेंद्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीएम रीना जोशी और जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने शूटर यशस्वी जोशी, मुक्केबाज निकिता चंद, काजल फर्सवान, दीपा मेहता, कर्निका, एंजल पुनेड़ा व निश्चल चंद को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उक्त खिलाड़ियों ने प्रतिभा और मेहनत से सीमांत जनपद का नाम रोशन किया है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि मुक्केबाज निकिता चन्द, कॉजल फर्सवान और दीपा मेहता का चयन भारतीय टीम से एशियन यूथ बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। संचालन जिला खेल सह समन्वयक निर्मल किशोर भट्ट ने किया। (एजेंसी)

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

रुद्रपुर : ग्राम जवाहरनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 120वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी। गुरुवार को मुख्य अतिथि मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन किया। कहा जिस छोटे से पौधे को भारतीय जनसंघ के रूप में डॉ. मुखर्जी ने बोया था, आज वह विशाल वृक्ष के रूप में भारत ही नहीं पूरे विश्व में फैल चुका है। इस मौके पर शुभम प्रसाद, भरत सिंह मेहरा, देवीदत्त जोशी, कनवर सिंह देव, हंसा मेहता, पार्वती मेहता, संतोष चौबे, यशोदा पंडा, बंशीधर भट्ट, कमला सूरकाली, जगत सिंह, नीरज मेहता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### चिकित्सा अधीक्षक बोली मरीजों को न हो परेशानी

रुद्रपुर : सीएचसी सितारगंज की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाषा पांडे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में 24 घंटे इलाज की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इसके लिए आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया जल्द ही एक्सरे मशीन शुरू की जाएगी। कहा कि मरीजों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. दर्शन सिंह, भूप किशोर, गंगा सिंह, मीनाक्षी, निर्मला देवी, प्रिंसका ईस्टर, दीपा मंडल आदि मौजूद रहीं। (एजेंसी)

### महिला कांग्रेस ने सरकार का पुतला फूंका

रुद्रपुर : महिला कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ केन्द्र व राज्य सरकार का पुतला फूंका। कहा कि महंगाई से जनता परेशान है। गुरुवार को सिमरनजीत कौर की अगुवाई में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता एमपी चौक पर इकट्ठे हुए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार का पुतला आग के हवाले किया। सिमरनजीत ने आरोप लगाया कि सभी घरेलू वस्तुओं के दाम आसमान छूने से गरीबों का चूल्हा बंद हो गया है। आम आदमी महंगाई कम करने की मांग कर रहा है, लेकिन मोदी सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। कहा कि आगामी चुनाव में जनता इसका भाजपा सरकार को जवाब देगी। पुतला दहन करने वालों में प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप, सुधा जोशी, प्रेमा भट्ट, हेमा नेगी, फूलारानी, पुष्पलता तिवारी, संतोष सक्सेना, ममता रानी, भारती देवी, पुष्पा देवी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए चलाया अभियान

चम्पावत : वन महोत्सव के तहत जुलाई के प्रथम सप्ताह में बूम वन क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया गया। बूम रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि बूम क्षेत्र से लगे सूखीढांग, गंगसीर, राप्राव‍ि पोथ, पूर्णागिरि सहित अन्य राजकीय आवासीय परिसरों, सार्वजनिक स्थलों में तमाम प्रकार के पौधों का पौधारोपण किया गया।

# नशे की लत पूरी करने को युवकों ने चुराई मोटर साइकिल



अल्मोड़ा। सोमेश्वर थाना क्षेत्र निवासी अशोक कुमार ने उनकी मोटर साईकिल यूके01ए6068 बजाज पल्सर को मनान से चोरी होने के सम्बन्ध में सोमेश्वर थाना में बुधवार को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सोमेश्वर में एफआईआर पंजीकृत की गई। मामले का संज्ञान लेकर एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरू द्वारा थानाध्यक्ष सोमेश्वर को चोरी का शीघ्र अनावरण कर संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ सोमेश्वर ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विजय सिंह नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल चोरी हुई मोटर साईकिल की खोजबीन शुरु की गई। पुलिस टीम ने खोजबीन कर 05 घंटों के भीतर ही चोरी का खुलासा कर 02 अभियुक्तों गौरव रावत (22 वर्ष) पुत्र कुन्दन सिंह रावत निवासी विजयपुर द्वाराहाट और गौरव जोशी (31 वर्ष) पुत्र राजेन्द्र जोशी निवासी बामनीगाड़ मनान सोमेश्वर को चोरी की मोटर साईकिल के साथ सोमेश्वर कोसी रोड पथरिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर पंजीकृत एफ0आई0आर0 में आवश्यक कार्यवाही की गई है। मामले में थानाध्यक्ष विजय सिंह नेगी ने बताया कि दोनों अभियुक्त नशे के आदी हैं, नशा करने के लिए पैसे नही होने पर दोनों ने मोटर साईकिल चोरी की थी, जिसको बेचकर पैसे अर्जित करने की फिराक में थे। यहाँ पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विजय नेगी, हैड कांस्टेबल गोपाल गिरी और हैड कांस्टेबल वीरेंद्र चंद्र राय शामिल रहे।

## हर तहसील में स्थापित किए कंट्रोल रूम

बागेश्वर। जिले में मानसून सक्रिय हो गया है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। जिले के सभी तहसीलों में आपदा कंट्रोल रूम भी स्थापित कर दिए हैं। साथ ही टॉल फ्री नंबर भी जारी कर दिया है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने इन केंद्रों में तैनात कर्मचारियों से 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही घटना की सूचना जिला मुख्यालय तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। डीएम पाल ने कहा कि वर्तमान में मानसून सक्रिय हो गया है, जिस कारण जनपद अंतर्गत अनेक स्थान पर प्राकृतिक आपदाओं (भू-स्खलन, भवन क्षति व बाढ़ आदि) के कारण घटनाएं घटित होने की संभावनाएं बनी रहती है। घटनाओं के घटित होने की स्थिति में सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए जनपद के प्रत्येक तहसील में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने किसी भी आपदा की घटना घटित होने की सूचना आपदा कंट्रोल रूम बागेश्वर के नंबर 05963-220196, 220197, 8859223535, 7536827373, 9634912152 तथा टोल फ्री नंबर 1077 (बीएसएनएल उपभोक्ता हेतु) जारी किए हैं।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज, नोडल अधिकारी तैनात



बागेश्वर। विधानसभा उप निर्वाचन एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जिले में तैयारी तेज हो गई है। इसके लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी नोडल अधिकारियों को सौपे गए दायित्वों का सही से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

साथ ही विभागों को भी जिम्मेदारी दी गई है। पाल ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्वाचन का नोडल अधिकारी बनाया। संपूर्ण निर्वाचन व्यवस्थाओं का नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के साथ ही मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति के निर्देश दिए। कार्मिकों का डाटाबेस, माइक्रोआब्जर्वर, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी मतदान, मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी होंगे। प्राचार्य पॉलीटैक्निक गरुड़ नोडल अधिकारी ईवीएम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नोडल अधिकारी परिवहन एवं जीपीएस ट्रेकिंग, जिला कार्यक्रम अधिकारी निर्वाचन लेखन सामाग्री, प्रपत्र मुद्रण, लिफापा पैकिंग आदि व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी होंगे। परियोजना निदेशक डीआरडीए आदर्श आचार संहिता, वरिष्ठ कोषाधिकारी निर्वाचन व्यय, उपजिलाधिकारी गरुड़ सामान्य मतपत्र/डाक मतपत्र व्यवस्था, सूचना अधिकारी एमसीएमसी, मुख्य विकास अधिकारी स्वीप, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रकोष्ठ तथा सूचना टैक्नोलॉजी, उद्यान अधिकारी कंट्रोल रूम व्यवस्था तथा निर्वाचन संबंधी दैनिक सूचनाओं का प्रेषण, अर्थ एवं संख्याधिकारी डाटा मैनेजमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लांन तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग टैंड, फर्नीचर व वैरीकेटिंग व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी होंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com